**2017**

HINDI

( Major )

Paper : 6.3

**( Hindi Bhasha Evam Devanagari Lipi )**

*Full Marks* : 60

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) एक महाप्राण ध्वनि का उदाहरण दीजिए।

(ख) 'प' व्यंजन का उच्चारण स्थान क्या है?

(ग) 'अप' उपसर्ग जोड़कर दो शब्द लिखिए।

(घ) 'अघोष' और 'सघोष' में मूल भेद क्या है?

(ङ) अयोध्या में कौन-सी भाषा बोली जाती है?

(च) एक लुण्ठित ध्वनि का उल्लेख कीजिए।

(छ) विभक्ति किसे कहा जाता है?

2. संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) अल्पप्राण और महाप्राण में क्या भेद है?

(ख) पुरुषवाचक सर्वनाम से आप क्या समझते हैं?

(ग) करण 'से' और अपादान 'से' में क्या भेद है?

(घ) भाषा और बोली के दो भेद बताइए।

3. संक्षेप में उत्तर दीजिए : 3×5=15

(क) स्वर और व्यंजन में अंतर क्या है?

(ख) उदाहरण सहित वचन परिवर्तन के तीन नियम बताइए।

(ग) लिंग परिवर्तन के तीन नियमों का उदाहरण सहित उल्लेख कीजिए।

(घ) ब्राह्मी लिपि का तात्पर्य क्या है?

(ङ) 'कौन' सर्वनाम का कारकीय रूप प्रस्तुत कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) प्रयोगार्थ की दृष्टि से हिन्दी परसर्गों का परिचय दीजिए।

**अथवा**

आदिकालीन और मध्यकालीन हिन्दी के विकास का एक लेखा-जोखा प्रस्तुत कीजिए।

(ख) परिभाषा देते हुए हिन्दी के प्रत्ययों का परिचय दीजिए।

**अथवा**

विविध आधारों पर हिन्दी व्यंजन ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए।





(ग) वाक्य किसे कहते हैं? रचनाक्रम की दृष्टि से वाक्य का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

आदर्श लिपि क्या है? क्या आप देवनागरी लिपि को आदर्श लिपि मानते हैं? सतर्क उत्तर दीजिए।

★★★